ont>

Title: Need to provide more facilities at Railway Stations for the benefits of physically challenged and sick persons in the country.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान रेलवे में सफर करने वाले विकलांग और बीमार व्यक्तियों की दिक्कत की तरफ दिलाना चाहती हूं। विकलांग और बीमार व्यक्ति जब रेलवे स्टेशन पर पहुचते हैं, तो उन्हें रेल डिब्बों तक पहुंचने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पहले तो उन्हें व्हील चेयर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है। पैसे जमा कर के व्हील चेयर लेनी पड़ती है और कई स्टेशनों पर तो व्हील चेयर की व्यवस्था नहीं है और रेलवे के कर्मचारी भी इसमें कोई सहायता नहीं करते हैं। अगर रेल डिब्बे में पहुंच जाएं, तो उनको सीट पर पहुंचाने हेतु दूसरे यात्रियों की मदद लेनी पड़ती है क्योंकि डिब्बों के दरवाजे इतने छोटे हैं कि उनमें व्हील चेयर नहीं जा पाती है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि विकलांग और बीमार व्यक्तियों को रेलवे स्टेशनों से रेल डिब्बों तक पहुंचाने में रेलवे को सहायता करनी चाहिए और इसके लिए समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए।